This Question Paper consists of 47 questions and 20 printed pages.
इस प्रश्न-पत्र में 47 प्रश्न तथा 20 मुद्रित पृष्ठ हैं।

**Roll No.** / अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | | |

**Code No.** / कोड नं. **67/OS/1**

**SET/सेट A**

# HOME SCIENCE
# गृह विज्ञान
# (216)

**Day and Date of Examination :**
**( परीक्षा का दिन व दिनांक )** ______________________

**Signature of Invigilators :**
**( निरीक्षकों के हस्ताक्षर )** **1.** ______________________

**2.** ______________________

**General Instructions :**

**1.** Answers of **all** questions are to be given in the Answer-Book given to you.

**2.** **15** minute time has been allotted to read this Question Paper. The question paper will be distributed at **02.15** p.m. From **02.15** p.m. to **02.30** p.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the Answer-Book during this period.

**3.** Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.

**4.** Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.

**5.** For the objective-type of questions, you have to choose **any one** of the four alternatives given in the question i.e. (A), (B), (C) and (D) and indicate your correct answer in the Answer-Book given to you.

**6.** All the questions including objective-type questions are to be answered within the allotted time and no separate time limit is fixed for answering objective-type questions.

**7.** Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.

**8.** Write your Question Paper Code No. **67/OS/1-A** on the Answer-Book.

**9.** (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :

English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Oriya, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.

You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.

(b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the questions will be yours only.



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**सामान्य अनुदेश :**

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर आपको दी गयी उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।
2. इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए **15** मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में **02.15** बजे किया जाएगा। **02.15** बजे से **02.30** बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
3. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
4. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
5. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) तथा (D) में से **कोई एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर-पुस्तिका में सही उत्तर लिखना है।
6. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ-साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा।
7. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।
8. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं. **67/OS/1-A** लिखें।
9. (क) प्रश्न-पत्र केवल अंग्रेजी/हिंदी में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

   अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बँगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगू, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी।

   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

   (ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं, तो प्रश्नों को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

# HOME SCIENCE
# गृह विज्ञान
# (216)

**Time : 2½ Hours ]** **[ Maximum Marks : 85**

**समय : 2½ घण्टे ]** **[ पूर्णांक : 85**

**Note :**

(i) This question paper consists of **47** questions in all.

(ii) **All** questions are **compulsory**.

(iii) Marks are given against each question.

(iv) **Section - A** consists of

(a) **Q.No. 1 to 19 -** Multiple Choice type Questions (MCQs) carrying **1** mark each. Select and write the most appropriate option out of the four options given in each of these questions. An internal choice has been provided in some of these questions. You have to attempt **only one** of the given choices in such questions.

(b) **Q.No. 20 to 31 -** Objective type questions. Attempt these questions as per the instructions given for each of the questions.

(v) **Section - B** consists of

(a) **Q.No. 32 to 41 -** Very Short Answer type questions carrying **2** marks each to be answered in the range of **30 to 50** words.

(b) **Q.No. 42 to 45 -** Short Answer type questions carrying **3** marks each to be answered in the range of **50 to 80** words.

(c) **Q.No. 46 and 47 -** Long Answer type questions carrying **5** marks each to be answered in the range of **80 to 120** words.

**निर्देश :**

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **47** प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके अंक दिए गए हैं।

(iv) **खण्ड - क** में शामिल हैं :

(a) **प्रश्न संख्या 1 से 19** तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं और प्रत्येक **1** अंक का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न में दिए गए चार विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कर लिखना है। इनमें से कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। आपको ऐसे प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से **केवल एक** विकल्प का ही उत्तर लिखना होगा।

(b) **प्रश्न संख्या 20 से 31** तक वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए निर्देशों के अनुसार इन प्रश्नों के उत्तर लिखें।

(v) **खण्ड - ख** में शामिल हैं :

(a) **प्रश्न संख्या 32 से 41** तक अति लघु-उत्तरीय प्रकार के **दो-दो** अंकों के प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के उत्तर **30 से 50** शब्दों में दिए जाने चाहिए।

(b) **प्रश्न संख्या 42 से 45** तक लघु-उत्तरीय प्रकार के **तीन-तीन** अंकों के प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के उत्तर **50 से 80** शब्दों में दिए जाने चाहिए।

(c) **प्रश्न संख्या 46 और 47** तक दीर्घ उत्तरीय प्रकार के **पाँच-पाँच** अंकों के प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के उत्तर **80 से 120** शब्दों में दिए जाने चाहिए।



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

## SECTION - A / खण्ड - क

1. Vitamin C of vegetables gets lost when they are : 1

(i) Cut in big pieces
(ii) Washed after cutting
(iii) Cut for long before cooking
(iv) Washed before peeling

Choose the **correct** option.

(A) (ii) and (iii) (B) (ii) and (iv) (C) (iii) and (iv) (D) (i) and (iv)

सब्जियों का विटामिन सी तब नष्ट हो जाता है जब उन्हें :

(i) बड़े टुकड़ों में काटा जाता है।
(ii) काटने के बाद धोया जाता है।
(iii) पकाने से पहले लम्बे समय तक काट कर रखा जाता है।
(iv) छीलने से पहले धोया जाता है।

**सही** विकल्प चुनें।

(A) (ii) और (iii) (B) (ii) और (iv) (C) (iii) और (iv) (D) (i) और (iv)

**OR / अथवा**

Why should soda not be added for cooking pulses ?

(i) Vitamin C gets lost
(ii) Protein gets thick
(iii) Vitamin B is lost
(iv) Cooking process slows down

Choose the **correct** option.

(A) (ii) and (iii) (B) (ii) and (iv) (C) (iii) and (iv) (D) (i) and (iii)

दाल पकाते समय सोडा क्यों नहीं मिलाना चाहिए ?

(i) विटामिन सी नष्ट हो जाता है।
(ii) प्रोटीन गाढ़ा हो जाता है।
(iii) विटामिन बी नष्ट हो जाता है।
(iv) खाना पकाने की प्रक्रिया धीमी हो जाती है।

**सही** विकल्प चुनें।

(A) (ii) और (iii) (B) (ii) और (iv) (C) (iii) और (iv) (D) (i) और (iii)

2. Which one of the following is a lifestyle disease ? 1

(A) Diabetes (B) Cholera (C) Typhoid (D) Tetanus

निम्नलिखित में से कौन सा जीवनशैली रोग है ?

(A) मधुमेह (B) हैजा (C) टाइफायड/आंत्र ज्वर (D) टिटनस/धनुस्तंभ

**OR / अथवा**

To prevent lifestyle diseases one should not :

(A) Do exercise (B) Do yoga
(C) Use staircase (D) Eat processed foods

जीवनशैली से जुड़ी बिमारियों से बचने के लिए क्या नहीं करना चाहिए ?

(A) व्यायाम करना (B) योग करना
(C) सीढ़ी का उपयोग (D) प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ का सेवन



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

3. For how many months does a foetus remain in the mother's womb ? 1

(A) Seven (B) Nine (C) Ten (D) Eight

माँ के गर्भ में एक भ्रूण कितने महीने तक रहता है ?

(A) सात (B) नौ (C) दस (D) आठ

4. It is considered rude, if we talk in the following language : 1

(A) Language not understood by anyone in the group
(B) Language understood by all
(C) Language funny and humorous
(D) Everyone talks in this language

यदि हम निम्नलिखित भाषा में बात करें तो इसे असभ्य माना जाता है :

(A) उस भाषा का प्रयोग करना जो समूह का कोई भी व्यक्ति नहीं समझता
(B) भाषा सभी को समझ में आती है
(C) भाषा मज़ाकिया और हास्यप्रद है
(D) सभी इस भाषा में बात करते हैं

5. Agmark is not given to following food : 1

(A) Spices (B) Eggs (C) Oil (D) Biscuits

एग्मार्क निम्नलिखित खाद्य पदार्थ को नहीं दिया जाता है ?

(A) मसालें (B) अण्डे (C) तेल (D) बिस्कुट

**OR / अथवा**

Which standard mark will you check while buying gold ornaments ?

(A) ISI MARK (B) AGMARK
(C) HALL MARK (D) ECO MARK

सोने के आभूषण खरीदते समय आप कौन से मानक चिह्न की जाँच करेंगे ?

(A) आई एस आई मार्क (B) एग्मार्क
(C) हॉल मार्क (D) ईको मार्क

6. The bananas become black after few days this is because of action of : 1

(A) Enzymes (B) Bacteria (C) Yeast (D) Fungus

कुछ दिनों के बाद, केले काले पड़ गए। ऐसा किसकी क्रिया के कारण होता है ?

(A) इंजाइम (B) बैक्टीरिया (C) यीस्ट (D) फंफूद

**OR / अथवा**

Which of the following food gets spoilt in a day or two ?

(A) Onions (B) Potatoes (C) Sugar (D) Milk

निम्नलिखित में से कौन सा खाद्य एक या दो दिन में खराब हो जाता है ?

(A) प्याज़ (B) आलू (C) चीनी (D) दूध

7. In which method food is cooked in an enclosed box under constant temperature ? 1

(A) Roasting (B) Grilling (C) Baking (D) Solar cooking

किस विधि में भोजन को एक बंद डिब्बे में स्थिर तापमान पर पकाया जाता है ?

(A) भूनना (B) ग्रिल (C) सेंकना (D) सौर कुकिंग

**OR / अथवा**



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

Which cooking method is used to prepare pooris ?

(A) Deep frying (B) Shallow frying (C) Sautéing (D) Poaching

पूरियाँ बनाने के लिए कौन सी पाक विधि का उपयोग किया जाता है ?

(A) गहरा तलना (B) उथला तलना (C) सॉतिंग (D) पाऊचिंग

8. Severe headache and dry white coated tongue could be symptoms of which disease ? 1

(A) Influenza (B) Malaria (C) Tetanus (D) Typhoid

तेज सिरदर्द और सूखी सफेद परत वाली जीभ किस बिमारी के लक्षण हो सकते हैं ?

(A) इंफ्लुएंजा (B) मलेरिया (C) टिटनस (D) टाइफायड

9. The doctor diagnosed that the patient was suffering from cholera on the basis of which of these symptoms ? 1

(i) Cramps in legs (ii) Rapid pulse

(iii) Watery diarrhoea (iv) Chest pain

Choose the **best** option :

(A) (i) and (iv) (B) (ii) and (iii) (C) (iii) and (iv) (D) (i) and (iii)

इनमें से किन दो लक्षणों के आधार पर डॉक्टर ने बताया कि मरीज़ हैजा, से पीड़ित है ?

(i) पैरों में ऐंठन (ii) तेज नब्ज/नाड़ी

(iii) पानी जैसे दस्त (iv) छाती में दर्द

**सही** विकल्प चुनें :

(A) (i) और (iv) (B) (ii) और (iii) (C) (iii) और (iv) (D) (i) और (iii)

10. Which of the following statement is **correct** ? 1

AIDS spreads through by :

(A) By sneezing (B) Infected needles

(C) By sharing toilet (D) By shaking hands

निम्नलिखित में से कौन सा कथन **सही** है ?

एड्स किससे फैलता है ?

(A) छींकने से (B) संक्रमित सुइयों से

(C) शौचालय साझा करके (D) हाथ मिलाने से

11. Your dress has a brown coloured stain on it. You have rightly identified it as that of : 1

(A) Curry (B) Egg (C) Tea (D) Milk

आपकी पोशाक पर भूरे रंग का धब्बा है। आपने इसकी सही पहचान की है :

(A) करी (B) अण्डा (C) चाय (D) दूध

12. Which should be the ideal direction of a house ? 1

(A) North west (B) South west (C) East south (D) North east

घर की आदर्श दिशा कौन सी होनी चाहिए ?

(A) उत्तर पश्चिम (B) दक्षिण पश्चिम (C) पूर्वी दक्षिण (D) उत्तर पूर्व



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

13. Which one of the following statement is **incorrect** ? 1

Budgeting helps to :

(A) Balance income and expenses.

(B) Manage finances of family.

(C) Priortise family needs.

(D) Meet all needs of family.

निम्नलिखित में से कौन सा कथन **गलत** है ?

बजट :

(A) आय और व्यय को संतुलित करने में मदद करता है।

(B) परिवार के वित्त का प्रबंधन करने में मदद करता है।

(C) पारिवारिक आवश्यकताओं को प्राथमिकता देने में मदद करता है।

(D) परिवार की सभी आवश्यकताओं की पूर्ति करता है।

14. What is the right age to be a mother ? 1

(A) Between 16 to 18 years (B) Between 20 to 35 years

(C) Between 17 to 21 years (D) Between 18 to 20 years

माँ बनने की सही उम्र क्या होती है ?

(A) 16 से 18 वर्ष के बीच में (B) 20 से 35 वर्ष के बीच में

(C) 17 से 21 वर्ष के बीच में (D) 18 से 20 वर्ष के बीच में

15. Rohit wants to cook on an iron grid over the fire or between electrically heated bars. Which method is this ? 1

(A) Sautéing (B) Roasting (C) Baking (D) Grilling

रोहित लोहे की जाली पर आग पर या बिजली से गर्म सलाखों के बीच खाना बनाना चाहता है। यह कौन सी विधि है ?

(A) सॉतिंग (B) भूनना (C) सेंकना/बेकिंग (D) ग्रिल करना

16. Your friends are making posters to make people aware of noise pollution in their neighbourhood. Choose the **most suitable** resolution for this : 1

(A) Get the leaking taps repaired

(B) Play radio at low volume

(C) Dispose garbage safely

(D) Keep vehicle pollution free

आपके मित्र अपने आस पड़ोस के लोगों को ध्वनि प्रदूषण के प्रति जागरूक करने के लिए पोस्टर बना रहे हैं। इस उद्देश्य के लिए नीचे दिया गया **सबसे उपयुक्त** नारा चुनें।

(A) टपकते नलों की मरम्मत कराएँ

(B) धीमी आवाज़ में रेडियों चलाएँ

(C) कूड़े का सुरक्षित निपटान करें

(D) वाहन को प्रदूषण मुक्त रखें



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

17. What do you understand by 'Personal Fable' in context to adolescents ? **1**

(A) Having sense of right and wrong

(B) Examining various alternatives

(C) Thinking everyone is watching them

(D) Thinking they are unique

किशोरावस्था के संदर्भ में व्यक्तिगत दंतकथा से आप क्या समझते हैं ?

(A) सही और गलत की समझ होना

(B) विभिन्न विकल्पों की जाँच करना

(C) सोचना कि हर कोई उन्हें देख रहा है

(D) सोचना कि वह अद्वितीय हैं

18. The rickshaw puller deliberately took Ganiv through a long route so that he can charge her more. Which value is he lacking ? **1**

(A) Punctuality (B) Honesty (C) Regularity (D) Courtesy

रिक्शा चालक जानबूझकर गनीव को लंबे रास्ते से ले गया ताकि वह उससे अधिक शुल्क ले सके। उसमें किस 'मूल्य' की कमी है ?

(A) समय की पाबंदी (B) ईमानदारी (C) नियमितता (D) शिष्टाचार

19. Very often you realise the cloth vendor have measured less cloth. Next time you will catch him if he tries to : **1**

(i) Stretches cloth while measuring

(ii) Uses table to measure the cloth

(iii) Uses measuring rod

(iv) Sells cheap fabric at actual price

Choose the **correct** option :

(A) (i) and (iv) (B) (iii) and (ii) (C) (i) and (ii) (D) (ii) and (iv)

कई बार आपको एहसास होता है कि कपड़ा विक्रेता ने कम कपड़ा मापा है। अगली बार यदि वह ऐसा करने की कोशिश करेगा तो आप उसे पकड़ लेंगे :

(i) कपड़ा नापते समय उसे खींचे

(ii) कपड़े को मापने के लिए टेबल का उपयोग करे

(iii) मापने वाला फुटा उपयोग करे

(iv) वास्तविक कीमत पर सस्ता कपड़ा बेचे

**सही** विकल्प चुनें।

(A) (i) और (iv) (B) (iii) और (ii) (C) (i) और (ii) (D) (ii) और (iv)

**OR / अथवा**



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

Milk you bring from dairy appears very thin. To check if the milkman is not adding water in it you will :

(i) Pour milk on a plate and tilt it to see if it leaves a trace of milk

(ii) Add HCl in milk sample to see if it becomes blue

(iii) Put on a blotting paper to check the cream

(iv) Keep in tumbler for 10 minutes and check if a ring is formed on the top

Choose the **correct** option :

(A) (i) and (iv) (B) (iii) and (ii) (C) (i) and (ii) (D) (ii) and (iv)

आप डेरी से जो दूध लाते हैं वह बहुत पतला लगता है। यह जाँचने के लिए कि दूधवाला उसमें पानी तो नहीं मिला रहा आप :

(i) प्लेट में दूध डाल कर टेड़ा करके देखें कि उसमें दूध के निशान है कि नहीं

(ii) दूध में एचसीएल मिलाए और देखें कि वह नीला हो गया है या नहीं

(iii) क्रीम को जाँचने के लिए ब्लॉटिंग पेपर पर रखें

(iv) दस मिनट के लिए गिलास में रखे और जाँचे कि ऊपर कोई रिंग बनी है कि नहीं

**सही** विकल्प चुनें।

(A) (i) और (iv) (B) (iii) और (ii) (C) (i) और (ii) (D) (ii) और (iv)

**20.** Which of the following statements are true or false ? **(any 4)** **2**

(i) White clothes should be soaked overnight.

(ii) Only white coloured clothes should be soaked.

(iii) Soak very dirty clothes separately.

(iv) Too many clothes should not be soaked together.

(v) Cotton clothes are starched to give them whiteness.

निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही या गलत है ? **( कोई 4 )**

(i) सफेद कपड़ों को रात भर भिगो कर रखना चाहिए।

(ii) केवल सफेद रंग के कपड़े ही भिगोने चाहिए।

(iii) बहुत गंदे कपड़ों को अलग से भिगोएँ।

(iv) बहुत सारे कपड़े एक साथ नहीं भिगोने चाहिए।

(v) सूती कपड़ों को सफेद बनाने के लिए इनमें कलफ लगाया जाता है।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**21.** (i) Which of the following option best describes the relationship between the **Assertion** and **Reason** ? **2**

**Assertion :** Expanding stage of family influences their expenditure.

**Reason :** Expenses of a family is more if they have school going children.

Choose the **correct** option :

(A) Both **Assertion** and **Reason** are true

(B) Both **Assertion** and **Reason** are false

(C) **Assertion** is correct and **Reason** is false

(D) **Assertion** is false and **Reason** is correct

निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प **अभिकथन** और **कारण** के बीच संबंध का सर्वोत्तम वर्णन करता है ?

**अभिकथन :** परिवार का विस्तार स्तर उनके खर्च को प्रभावित करता है।

**कारण :** यदि किसी परिवार में स्कूल जाने वाले बच्चे हैं तो उनका खर्च अधिक होता है।

**सही** विकल्प चुनें।

(A) **अभिकथन** और **कारण** दोनों सही हैं।

(B) **अभिकथन** और **कारण** दोनों गलत हैं।

(C) **अभिकथन** सही है और **कारण** गलत है।

(D) **अभिकथन** गलत है और **कारण** सही है।

(ii) Two types of fatigues are __________ and __________.

थकान दो प्रकार की होती हैं __________ और __________ ।

**OR / अथवा**

(i) Which of the following option best describes the relationship between the **Assertion** and **Reason** statements given below ?

**Assertion :** Families should find exact amount of income that will be available to them for expenditure.

**Reason :** Gross income of a family differs from its take home pay.

Choose the **correct** option :

(A) Both **Assertion** and **Reason** are true

(B) Both **Assertion** and **Reason** are false

(C) **Assertion** is correct and **Reason** is false

(D) **Assertion** is false and **Reason** is correct

निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प **अभिकथन** और **कारण** के बीच संबंध का सर्वोत्तम वर्णन करता है ?

**अभिकथन :** परिवारों को आय की सटीक राशी का अनुमान लगाना चाहिए जो उन्हें व्यय के लिए उपलब्ध होगी।

**कारण :** परिवार की सकल आय और निवल आय में अंतर होता है।

**सही** विकल्प चुनें।

(A) **अभिकथन** और **कारण** दोनों सही हैं।

(B) **अभिकथन** और **कारण** दोनों गलत हैं।

(C) **अभिकथन** सही है और **कारण** गलत है।

(D) **अभिकथन** गलत है और **कारण** सही है।

(ii) Name the two types of fatigue experienced by students.

छात्रों द्वारा अनुभव की जाने वाली दो प्रकार की थकान के नाम बताएँ।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

22. (i) Which of the following option best describes the relationship between the **Assertion** and **Reason** statements given below ? 2

**Assertion :** A pregnant woman should not sit in room where someone is smoking.

**Reason :** Smoke from cigarette pass into blood stream of the foetus through placenta and can damage the foetus.

Choose the **correct** option :

(A) Both **Assertion** and **Reason** are true

(B) Both **Assertion** and **Reason** are false

(C) **Assertion** is correct and **Reason** is false

(D) **Assertion** is false and **Reason** is correct

निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प **अभिकथन** और **कारण** के बीच संबंध का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

**अभिकथन :** गर्भवती महिला को उस कमरे में नहीं बैठना चाहिए जहाँ कोई धूम्रपान कर रहा हो।

**कारण :** सिगरेट का धुआँ प्लेसेंटा के माध्यम से भ्रूण के रक्त प्रवाह में चला जाता है और भ्रूण को नुकसान पहुँचा सकता है।

**सही** विकल्प चुनें।

(A) **अभिकथन** और **कारण** दोनों सही हैं।

(B) **अभिकथन** और **कारण** दोनों गलत हैं।

(C) **अभिकथन** सही है और **कारण** गलत है।

(D) **अभिकथन** गलत है और **कारण** सही है।

(ii) During pregnancy the zygote attached itself to the lining of the __________.

गर्भावस्था के दौरान जायगोट (zygote) स्वयं __________ की भित्ति से चिपक जाता है।

23. (i) After graduating in the field of Fabric and Apparel science, Gunita wants to find a job. Make her aware of any two institutions where she should put in her application. 2

कपड़ा और परिधान विज्ञान के क्षेत्र में स्नातक होने के बाद, गुनिता नौकरी ढूंढ़ना चाहती है। उसे किन्हीं दो संस्थानों के विषय में बताएँ जहाँ उसे अपना आवेदन करना चाहिए।

**OR / अथवा**

(ii) Which two self employment opportunities are available to youth in the field of interior decoration ?

इंटीरियर डेकोरेशन के क्षेत्र में युवाओं के लिए कौन से दो स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध हैं?

24. (i) Which of the following statements are true or false ? 2

(a) Boiled food can be made for palatable by adding lemon or spices.

(b) Stewing is done below the boiling point.

(c) Lid should be tightly closed while steaming food.

(d) Solar cooker does not produce any smoke.

निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य या असत्य हैं?

(a) उबले हुए भोजन में नींबू या मसाले डालकर उसे स्वादिष्ट बनाया जा सकता है।

(b) स्टूइंग क्वथनांक से नीचे की जाती है।

(c) भोजन को भाप में पकाते समय ढक्कन कसकर बंद करना चाहिए।

(d) सोलर कुकर से कोई धुआँ नहीं निकलता।

**OR / अथवा**



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

(ii) (a) Which are two fastest cooking method ?

(b) Name two drawbacks of using a solar cooker.

(a) खाना पकाने की सबसे तेज दो विधियाँ कौन सी है ?

(b) सोलर कुकर का उपयोग करने की दो कमियाँ बताइए।

**25.** (i) Match the following **Column I** with that of **Column II**. **2**

| | **Column I** | | **Column II** |
|---|---|---|---|
| (I) | Blanching | (a) | Raising the Temperature |
| (II) | Sun drying | (b) | Lowering the Temperature |
| (III) | Freezing | (c) | Arrest action of Enzymes |
| (IV) | Pasteurisation | (d) | Dehydration |

Choose the **correct** option.

(A) (I)-(b), (II)-(d), (III)-(a), (IV)-(c)

(B) (I)-(a), (II)-(b), (III)-(d), (IV)-(c)

(C) (I)-(c), (II)-(d), (III)-(b), (IV)-(a)

(D) (I)-(c), (II)-(d), (III)-(a), (IV)-(b)

निम्नलिखित **कॉलम I** को **कॉलम II** से मिलाएँ।

| | **कॉलम I** | | **कॉलम II** |
|---|---|---|---|
| (I) | ब्लैंचिंग | (a) | तापमान में वृद्धि करना |
| (II) | धूप में सुखाना | (b) | तापमान कम करना |
| (III) | फ्रीजिंग | (c) | एंजाइमों की अभिक्रिया को रोकना |
| (IV) | पास्चुरीकरण | (d) | निर्जलीकरण |

**सही** विकल्प चुनें।

(A) (I)-(b), (II)-(d), (III)-(a), (IV)-(c)

(B) (I)-(a), (II)-(b), (III)-(d), (IV)-(c)

(C) (I)-(c), (II)-(d), (III)-(b), (IV)-(a)

(D) (I)-(c), (II)-(d), (III)-(a), (IV)-(b)

(ii) Two advanatges of roasting method.

भूनने की विधि के दो लाभ हैं।

**OR / अथवा**



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

(i) Match the following **Column I** with that of **Column II**.

| **Column I** | | **Column II** | |
|---|---|---|---|
| **(Food item)** | | **(Method of enhancing)** | |
| (I) | Dosa | (a) | Combination |
| (II) | Dhokla | (b) | Combination and Fermentation |
| (III) | Sprouted moong dal chaat | (c) | Fermentation |
| (IV) | Wheat besan ladoo | (d) | Germination |

Choose the **correct** option.

(A) (I)-(b), (II)-(d), (III)-(a), (IV)-(c)

(B) (I)-(a), (II)-(b), (III)-(d), (IV)-(c)

(C) (I)-(c), (II)-(b), (III)-(d), (IV)-(a)

(D) (I)-(c), (II)-(d), (III)-(a), (IV)-(b)

निम्नलिखित **कॉलम I** को **कॉलम II** से मिलाएँ।

| **कॉलम I** | | **कॉलम II** | |
|---|---|---|---|
| **( व्यंजन )** | | **( पौष्टिक तत्वों के संवर्धन की विधि )** | |
| (I) | डोसा | (a) | संयोजन |
| (II) | ढोकला | (b) | संयोजन एवं किण्वन |
| (III) | अंकुरित मूँग दाल चाट | (c) | किण्वन |
| (IV) | गेहूँ बेसन के लड्डू | (d) | अंकुरण |

**सही** विकल्प चुनें।

(A) (I)-(b), (II)-(d), (III)-(a), (IV)-(c)

(B) (I)-(a), (II)-(b), (III)-(d), (IV)-(c)

(C) (I)-(c), (II)-(b), (III)-(d), (IV)-(a)

(D) (I)-(c), (II)-(d), (III)-(a), (IV)-(b)

(ii) Two drawbacks of deep frying method.

गहरे तलने की विधि की दो कमियाँ हैं।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

26. (i) Match the following **Column I** and **Column II**. **2**

| | **Column I** (Communicable disease) | | **Column II** (Incubation period) |
|---|---|---|---|
| (I) | Tuberculosis | (a) | 1 - 3 days |
| (II) | Pertussis | (b) | 4 - 6 days |
| (III) | Influenza | (c) | 20 - 35 days |
| (IV) | Hepatitis | (d) | 7 - 12 days |

Choose the **correct** option.

(A) (I)-(b), (II)-(d), (III)-(a), (IV)-(c)

(B) (I)-(a), (II)-(b), (III)-(d), (IV)-(c)

(C) (I)-(d), (II)-(c), (III)-(a), (IV)-(b)

(D) (I)-(c), (II)-(d), (III)-(a), (IV)-(b)

निम्नलिखित **कॉलम I** को **कॉलम II** से मिलाएँ।

| | **कॉलम I** (संक्रामक रोग) | | **कॉलम II** (उद्भवन अवधि) |
|---|---|---|---|
| (I) | तपेदिक | (a) | 1 - 3 दिन |
| (II) | पर्टुसिस | (b) | 4 - 6 दिन |
| (III) | इन्फ्लूएंजा | (c) | 20 - 35 दिन |
| (IV) | हेपेटाइटिस | (d) | 7 - 12 दिन |

**सही** विकल्प चुनें।

(A) (I)-(b), (II)-(d), (III)-(a), (IV)-(c)

(B) (I)-(a), (II)-(b), (III)-(d), (IV)-(c)

(C) (I)-(d), (II)-(c), (III)-(a), (IV)-(b)

(D) (I)-(c), (II)-(d), (III)-(a), (IV)-(b)

(ii) Fill in the blanks :

To make ORS at home, mix __________ and __________ to 1 litre clean drinking water.

रिक्त स्थान भरें :

घर पर ओ आर एस बनाने के लिए 1 लीटर साफ पीने के पानी में __________ और __________ मिलाएँ।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

27. (i) Which of the following option best describes the relationship between the **Assertion** and **Reason** statements ? **2**

**Assertion :** Sulabh sauchalaya are environment friendly.

**Reason :** Sulabh sauchalaya need only 1.5 to 2 litres water for flushing.

Choose the **correct** option.

(A) Both **Assertion** and **Reason** are true

(B) Both **Assertion** and **Reason** are false

(C) **Assertion** is correct and **Reason** is false

(D) **Assertion** is false and **Reason** is correct

निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प **अभिकथन** और **कारण** के बीच संबंध का सर्वोत्तम वर्णन करता है ?

**अभिकथन :** सुलभ शौचालय पर्यावरण के अनुकूल है।

**कारण :** सुलभ शौचालय को फ्लशिंग के लिए केवल 1.5 से 2 लीटर पानी की आवश्यकता होती है।

**सही** विकल्प चुनें।

(A) **अभिकथन** और **कारण** दोनों सही हैं।

(B) **अभिकथन** और **कारण** दोनों गलत हैं।

(C) **अभिकथन** सही है और **कारण** गलत है।

(D) **अभिकथन** गलत है और **कारण** सही है।

(ii) State whether the following statements are true or false ?

(a) Soakage pits should be 1 meter deep and 2 meters wide.

(b) Rocky surface is good for foundation but does not absorb water.

निम्नलिखित कथनों के सामने सत्य या असत्य लिखें।

(a) सिक्तन गर्त एक मीटर गहरा और दो मीटर चौड़ा होना चाहिए।

(b) पथरीली सतह, नींव के लिए अच्छी होती है किन्तु पानी को अवशोषित नहीं कर पाती है।

28. Which of the two statements indicate children showing disrespect to their elders ? **2**

(i) Greet everyone

(ii) Leave home without telling anyone in the house

(iii) Introduce their friends to other family members

(iv) Talk in loud voice

Choose the **correct** option :

(A) (i) and (ii) (B) (iii) and (iv) (C) (i) and (iii) (D) (ii) and (iv)

इनमें से कौन से दो कथन बच्चों द्वारा अपने बड़ों का अनादर करने का संकेत देते हैं ?

(i) सभी को नमस्कार करना

(ii) बिना किसी को बताए घर से बाहर जाना

(iii) अपने दोस्तों को परिवार से मिलवाना

(iv) ऊँची आवाज़ में बात करना

**सही** विकल्प का चयन करें।

(A) (i) एवं (ii) (B) (iii) एवं (iv) (C) (i) एवं (iii) (D) (ii) एवं (iv)



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

29\. (i) Your uncle wants to give following finishes (**Column-I**) to the cotton fabrics in his mill. Help him choose the appropriate chemical/equipment (**Column-II**) for this. **2**

Match the following **Column-I** and **Column-II** :

| | **Column-I** | | **Column-II** |
|---|---|---|---|
| (I) | Mercerization | (a) | Hot rollers |
| (II) | Parchmentization | (b) | Sodium hypochlorite |
| (III) | Calendering | (c) | Sodium hydroxide |
| (IV) | Bleaching | (d) | Mild acid |

Choose the **correct** option.

(A) (I)-(c), (II)-(d), (III)-(a), (IV)-(b)
(B) (I)-(a), (II)-(b), (III)-(c), (IV)-(d)
(C) (I)-(b), (II)-(a), (III)-(d), (IV)-(c)
(D) (I)-(d), (II)-(c), (III)-(b), (IV)-(a)

आपके चाचा अपनी मिल में सूती कपड़ों को निम्नलिखित परिसज्जा (**कॉलम-I**) देना चाहते है। इसके लिए उन्हें (**कॉलम-II**) में दिए उपयुक्त रसायन/उपकरण चुनने में मदद करें।

निम्नलिखित **कॉलम-I** को **कॉलम-II** से मिलाएँ :

| | **कॉलम-I** | | **कॉलम-II** |
|---|---|---|---|
| (I) | मर्सरीकरण | (a) | गर्म रोलर्स |
| (II) | पार्चमेंटीकरण | (b) | सोडियम हाइपोक्लोराईट |
| (III) | कैलेन्डरिंग | (c) | सोडियम हाईड्रोक्साईड |
| (IV) | विरंजन | (d) | हल्का अम्ल |

**सही** विकल्प चुनें।

(A) (I)-(c), (II)-(d), (III)-(a), (IV)-(b)
(B) (I)-(a), (II)-(b), (III)-(c), (IV)-(d)
(C) (I)-(b), (II)-(a), (III)-(d), (IV)-(c)
(D) (I)-(d), (II)-(c), (III)-(b), (IV)-(a)

(ii) Rearrange the correct sequence of starching clothes.

(a) Wring excess water and dry in sun
(b) Wet the shirt
(c) Dissolve starch in water
(d) Dip shirt in starch water and stir

Choose the **correct** option.

(A) (b), (d), (a), (c)
(B) (c), (b), (d), (a)
(C) (c), (d), (b), (a)
(D) (d), (b), (a), (c)

कपड़ों पर स्टार्च लगाने पर सही क्रम पुन: व्यवस्थित करें।

(a) अतिरिक्त पानी निचोड़े और धूप में सुखा लें।
(b) बुशर्ट को गीला करें।
(c) स्टार्च को पानी में घोलें।
(d) शर्ट को स्टार्च वाले पानी में डुबोएँ और हिलाएँ।

**सही** विकल्प चुनें।

(A) (b), (d), (a), (c)
(B) (c), (b), (d), (a)
(C) (c), (d), (b), (a)
(D) (d), (b), (a), (c)



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**30.** (i) Which of the following option best describes the relationship between the **Assertion** and **Reason** statements given below ? **2**

**Assertion :** We should clean only one shelf of a cupboard at one time.

**Reason :** Breaking task into small activities can help save energy.

Choose the **correct** option :

(A) Both **Assertion** and **Reason** are true

(B) Both **Assertion** and **Reason** are false

(C) **Assertion** is correct and **Reason** is false

(D) **Assertion** is false and **Reason** is correct

निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प **अभिकथन** और **कारण** के बीच संबंध का सर्वोत्तम वर्णन करता है ?

**अभिकथन :** हमें एक समय में अलमारी की केवल एक शेल्फ साफ करनी चाहिए।

**कारण :** कार्य को छोटी-छोटी गतिविधियों में बाँटने से ऊर्जा की बचत होती है।

**सही** विकल्प चुनें।

(A) **अभिकथन** और **कारण** दोनों सही हैं।

(B) **अभिकथन** और **कारण** दोनों गलत हैं।

(C) **अभिकथन** सही है और **कारण** गलत है।

(D) **अभिकथन** गलत है और **कारण** सही है।

(ii) Other than salary, identify any two sources of family income.

वेतन के अलावा, पारिवारिक आय के किन्हीं दो स्रोतों की पहचान करें।

**31.** Which of the following statements are true or false ? (**Any 4**) **2**

(i) Empowering adolescents with critical thinking skills can reduce the negative impact of media.

(ii) Actors and models influence youth of their idea of a perfect body shape.

(iii) Obsessive weight training is good for health.

(iv) Adolescents should maintain dignity in their relationships.

(v) Adolescents want to use the same language and clothes as their peers.

निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य या गलत है ? ( **कोई 4** )

(i) किशोरों में समीक्षात्मक विचारधारा कौशलों को विकसित करके मीडिया के नकारात्मक प्रभाव को कम किया जा सकता है।

(ii) कलाकार और मॉडल अपने आदर्श शारीरिक आकार से युवावर्ग को प्रभावित करते हैं।

(iii) जुनूनी वजन प्रशिक्षण स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है।

(iv) किशोरों को अपने रिश्तों में आत्मसम्मान बनाए रखना चाहिए।

(v) किशोर अपने साथियों के समान भाषा और पहनावे का उपयोग करना चाहते हैं।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

## SECTION - B / खण्ड - ख

32. Give two advantages of including germinated foods in the meals. **2**

भोजन में अंकुरित खाद्य पदार्थ सम्मिलित करने के दो लाभ बताइए।

**OR / अथवा**

Give two reasons for including combination foods in our meals.

हमारे भोजन में मिश्रित खाद्य पदार्थों को सम्मिलित करने के दो कारण बताइए।

33. Suggest any four ways to conserve nutrients while cooking Carrots and Potatoes. **2**

गाजर और आलू पकाते समय, पोषक तत्वों को संरक्षित करने के कोई चार तरीके सुझाएँ।

**OR / अथवा**

Which four precautions should be taken to save nutrients while cooking green leafy vegetables ?

हरी पत्तेदार सब्जियों को पकाते समय पोषक तत्वों को बचाने के लिए कौन सी चार सावधानियाँ बरतनी चाहिए ?

34. Identify any four ways people are responsible for causing noise pollution. **2**

ध्वनि प्रदूषण के लिए लोग किन चार प्रकार से जिम्मेदार हैं ?

**OR / अथवा**

What are four possible reasons for increase in polluted air in our cities ?

हमारे शहरों में प्रदूषित हवा में वृद्धि के चार संभावित कारण क्या हैं ?

35. Write any four precautions you will adopt while washing woollens at home. **2**

घर पर ऊनी कपड़े धोते समय अपनाई जाने वाली कोई चार सावधानियाँ लिखिए।

36. List any four household activities that are done every day. **2**

प्रतिदिन किए जाने वाले किन्हीं चार घरेलू कार्यों की सूची बनाएँ।

**OR / अथवा**

List the four functions of a home.

एक घर के चार कार्यों को सूचीबद्ध करें।

37. Explain the terms 'Peak load' and 'Dovetailing' with the help of one example each. **2**

'पीक लोड (सर्वाधिक कार्य)' और 'डोवटेलिंग (सामांजस्य)' शब्दों को एक-एक उदाहरण की सहायता से समझाएँ।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**38.** An as ICDS worker, encourage the pregnant women by telling four reasons to regularly go for medical check up. **2**

आई सी डी एस के कार्यकर्ता के रूप में गर्भवती महिलाओं को नियमित रूप से चिकित्सीय जाँच के लिए जाने के चार कारण बताकर प्रोत्साहित करें।

**OR / अथवा**

An as Asha worker make the women aware of four signs that would confirm their pregnancy.

एक आशा कार्यकर्ता के रूप में, महिलाओं को गर्भावस्था के चार लक्षणों/संकेतों के बारे में जागरूक करें।

**39.** What could be four consequences of not practising values in society ? **2**

समाज में मूल्यों का पालन न करने के चार परिणाम क्या हो सकते हैं?

**40.** Mr. Gupta wants to file a case against a manufacturer. What two documents would he need to submit with his complaint ? **2**

श्री. गुप्ता, एक निर्माता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करना चाहते हैं। उसे अपनी शिकायत के साथ कौन से दो दस्तावेज़ जमा करने होंगे?

**41.** Sonali is not able to meet her monthly expenses in her present income. Suggest her any four ways she can cut down her expenses. **2**

सोनाली अपनी वर्तमान आय में अपने मासिक खर्चों को पूरा नहीं कर पाती हैं। उसे अपने खर्चों में कटौती करने के कोई चार तरीके सुझाएँ।

**42.** Apart from soap and water, what materials are used for washing tiles, plastic buckets and metal taps in the bathroom ? **3**

साबुन और पानी के अतिरिक्त, स्नानघर में टाइल्स, प्लास्टिक की बाल्टी एवं धातु के नल धोने के लिए किस-किस सामग्री का उपयोग किया जाता है?

**43.** How will you prepare orange squash from one litre orange juice ? **3**

एक लीटर संतरे के रस से आप स्क्वैश कैसे तैयार करेंगे?

**OR / अथवा**

Guide your sister regarding the steps to be followed to freeze one kg peas at home.

अपनी बहन को घर पर एक किलो मटर जमाने के लिए मार्गदर्शन करें।

**44.** Which are the three unnecessary household activities that make the home makers tired ? Suggest them one alternative each to improve these. **3**

ऐसी कौन सी तीन अनावश्यक घरेलू गतिविधियाँ हैं जो गृहणियों को थका देती हैं? इन्हें सुधारने के लिए उन्हें एक-एक विकल्प सुझाएँ।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

45. Make the villagers aware of ill effects of air pollution on their health. Suggest them four ways to control this pollution. **3**

ग्रामीणों को वायु प्रदूषण से उनके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें। उन्हें इस प्रदूषण को नियंत्रित करने के चार तरीके सुझाएँ।

**OR / अथवा**

Make your friends aware of ill effects of water pollution on their health. Suggest them four ways to control this pollution.

अपने दोस्तों को जल प्रदूषण से उनके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराएँ। इस प्रदूषण को नियंत्रित करने के कोई चार सुझाव बताएँ।

46. Suggest any five ways to develop self esteem in adolescents. **5**

किशोरों में सकारात्मक स्वाभिमान का निर्माण करने हेतु कोई पाँच बिंदु सुझाएँ।

**OR / अथवा**

List any five physical changes that occur during adolescence.

किशोरावस्था के दौरान होने वाले किन्हीं पाँच शारीरिक परिवर्तनों की सूची बनाएँ।

47. Garvita spoilt her new woollen sweater when she washed it for the first time. Which five possible mistakes she may have committed ? **5**

पहली बार धोने पर ही गर्विता ने अपना नया ऊनी स्वेटर खराब कर दिया। उसने कौन सी पाँच संभावित गलतियाँ की होगी ?

**OR / अथवा**

It is very common for clothes to get damaged while removing stains. What five precautions should you adopt while removing stains from expensive garments ?

धब्बे हटाते समय कपड़े अक्सर खराब हो जाते हैं। महँगे वस्त्रों से दाग-धब्बे हटाते समय आपको कौन सी पाँच सावधानियाँ बरतनी चाहिए ?

- o 0 o -



Unnati Educations
9899436384, 9654279279